हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

12 सशिमं में स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी मनी

11 मनरेगा मेंट संघ ने मनाया 15वां स्थापना दिवस




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# रजत जयंती प्रदेश के सभी जिलों में मनायी जायेगी, सीएम ने की समीक्षा

## राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के सभी संभागायुक्त, जिला कलेक्टर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल बैठकर लेकर रजत जयंती महोत्सव के सफल आयोजन की तैयारियों के अलावा लोक निर्माण, राजस्व, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, वन आदि विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री साय ने इन विभागों के अंतर्गत संबंधित जिलों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूरा कराने संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। साय ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में राज्य में 15 अगस्त से प्रारंभ रजत जयंती महोत्सव के प्रदेश के सभी जिलों में सफल आयोजन सुनिश्चित करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए राजस्व संबंधी कार्यों को आम जनता से सीधे जुड़े होने के कारण राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव रीना बाबा साहब कंगाले सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।




### 25 सप्ताह मनाएंगे उत्सव

बैठक में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 15 अगस्त से प्रदेश में रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य में 25 सप्ताह तक रजत जयंती महोत्सव का निरंतर आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद प्रत्येक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि पर आधारित संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसके लिए उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में साय ने लोक निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा करते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने अधिकारियों को भूअर्जन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में साय ने खरीफ फसलों के डिजिटल सर्वेक्षण कार्य की भी समीक्षा करते हुए इस कार्य को किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए इसे विशेष प्राथमिकता के साथ समय–सीमा में त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### जिपं में सामान्य सभा की बैठक आज

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 अगस्त को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनान्तर्गत शिविर आज

**डौंडीलोहारा।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु डौंडीलोहारा नगर में 20 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 तक शिविर का आयोजन गोंडवाना भवन में किया गया है। जहां एक ही छत के नीचे ऊर्जा उपभोक्ता से सोलर प्लांट लगाकर ऊर्जा उत्पादन कर ऊर्जादाता बनने हेतु योजना से संबंधित जानकारी हेतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी, बैंक प्रतिनिधि के साथ रजिस्टर्ड वेंडर अग्रवाल एसोसिएट्स दुर्ग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन निशा इलेक्ट्रिकल्स डौंडीलोहारा के सौजन्य से किया जा रहा है।

### खेत के पानी को लेकर दो किसानों के बीच मारपीट

**बालोद।** जिले में खेत के पानी को लेकर हुए विवाद में एक किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना ग्राम सिवनी की है। सोहन कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि उनके पिता खेत देखने गए थे। वहां उन्होंने अपने पड़ोसी खेत मालिक गंगेश साहू से पूछा कि उन्होंने उनके खेत का पानी क्यों छोड़ा है। इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई और फिर गंगेश साहू और उनकी मां बिसन बाई साहू ने मिलकर उनके पिता के साथ मारपीट की। मारपीट में सोहन के पिता को बाईं आंख, दाहिनी कोहनी और दाहिने पैर में चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलने पर सोहन तुरंत अपने पिता को लेकर बालोद जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने गंगेश साहू और बिसन बाई साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

## दुर्घटना : बाइक के परखच्चे उड़े, कार भी हुई क्षतिग्रस्त

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक पर सवार दो युवकों में से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। यह घटना अर्जुंदा चौक के पास हुई। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक यह हादसा तब हुआ जब ग्राम गोरकापार निवासी तुकेश चंद्राकर के बुआ के लड़के घनेश्वर चंद्राकर अपने साथी मुकेश देशमुख के साथ बाइक से गुंडरदेही जा रहे थे। तभी गुंडरदेही से दुर्ग की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 07 सीएम 8866 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।






### आरोपी की तलाश जारी

इस हादसे में घनेश्वर चंद्राकर को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके साथी मुकेश देशमुख भी गंभीर रूप से घायल हो गए और बेहोश हो गया। उसे तुरंत गुंडरदेही के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है। मृतक घनेश्वर चंद्राकर के बड़े भाई तुकेश चंद्राकर ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 281, 104, 106 और 125(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार महिला सहित दो घायल

**बालोद।** जिले में एक महिला और उसके परिचित को अज्ञात पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। महिला अपने मायके से ससुराल लौट रही थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम अछोली निवासी टिकेश्वरी ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह अपने मायके खैरतराई से ससुराल अछोली लौट रही थीं। पाररास में उनके भाई ने उन्हें बस में बिठाने के बाद छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने अपने परिचित कान्हा यादव को फोन करके बुलाया। कान्हा यादव के साथ वह उनकी मोटरसाइकिल पर बैठकर बालोद गईं और फिर वहां से अपने ससुराल के लिए निकलीं।

■ पुलिस ने अपराध दर्ज कर फरार वाहन चालक को पकड़ने में जुटी

दल्ली राजहरा रोड पर पोपलाटोला मंदिर के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात सफेद रंग के पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप चालक तेज और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। टक्कर से बाइक पर सवार टिकेश्वरी और कान्हा दोनों गिर गए। टिकेश्वरी के दोनों पैरों में चोट आई, जबकि कान्हा को भी खरोंचें आईं। घटना के बाद दोनों को तुरंत डौंडीलोहारा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद टिकेश्वरी को राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इलाज के बाद उन्होंने अपने पति और पिता के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 184, 125(ए) और 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश कर रही है।

# दो दिनों की बारिश ने मचाया कोहराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

रविवार और सोमवार की रात को हुई लगातार झमाझम बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दोनों रातों की लगातार भारी बारिश से कई जगहों पर पानी भर गया। वहीं निचले इलाकों में बारिश का पानी घरों और गलियों तक घुस गया। क्षेत्र में कई जगह लोग पूरी रात जगकर पानी निकालने और अपने सामान को सुरक्षित करने में लगे रहे।

■ गलियों का पानी घरों में घुसा, निचले इलाकों में भरा पानी

रविवार की रात हुई बारिश को इस सीजन की सबसे भारी बारिश बताया जा रहा है। कई घंटों तक लगातार तेज़ बरसात होने से नदी-नाले उफान पर आ गए। खेत-खलिहान पानी से लबालब भर गए, जिससे खरीफ फसलों पर खासकर धारी वाले खेतों में लगातार बारिश से असर पड़ने की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे पुल-पुलिया डूब जाने से आवाजाही में कठिनाई हुई, वहीं नगर और कस्बाई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सबसे बड़ी परेशानी बनी रही। सोमवार रात को भी बारिश ने लोगों को राहत नहीं दी। देर रात से सुबह तक रुक-रुककर हुई तेज़ बरसात ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया। कई घरों के आंगन और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। लगातार दो रात की भारी बारिश से लोगों में दहशत का माहौल है, खासकर उन परिवारों में जो निचले हिस्सों में रहते हैं।

मौसम विभाग ने पहले ही तेज़ बारिश की चेतावनी जारी की थी, जिसके चलते प्रशासन अलर्ट पर है। नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के अमले ने जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। राहत ▶▶| शेष पेज 11 पर

# राज्य स्तर स्पर्धा के लिए नारागांव के चार खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शालेय खेल प्रतियोगिता में नारागांव के चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है, जिसमें से उच्चतर माध्यमिक शाला नारागांव से लीना पिता महेंद्र कुमार कुश्ती खेल एवं दीप्ति पिता अशोक कुमार बॉक्सिंग खेल के लिए चयन हुआ।

उसी प्रकार मिडिल स्कूल नारागांव से हर्षराज पिता हेमंत कुमार एवं टीमनलाल पिता डोमेन्द्र कुमार बॉक्सिंग खेल में अच्छा प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय खेल के लिए अपना स्थान सुरक्षित किये। बच्चों के आगामी राज्य स्तर खेल में अच्छा प्रदर्शन के लिए संस्था के प्राचार्य वायके गंधर्व, पीटीआई प्रदीप कुमार पटेल, शिक्षक तेजेंद्र हिरवानी, अगेश्वर साहू, कमल किशोर साहू, ए जयाप्रदा एवं समस्त शिक्षकगण साथ ही ग्राम के सरपंच मंजुला कोवाची, उपसरपंच जगन्नाथ साहू एवं समस्त पंचगण ग्राम नारागांव के ग्रामीणजनो ने हर्ष व्यक्त की।

# एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार के खिलाफ खोला मार्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा 20 माह में 160 से अधिक बार ज्ञापन व आवेदन अधिकारी कर्मचारियों के माध्यम से शासन प्रशासन को देने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने के कारण अब एनएचएम कर्मचारी संघ ने अनिश्चित कालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब जिले के एनएचएम कर्मचारी कार्य बहिष्कार एवं काम बंद, कलमबंद के तहत हड़ताल करते दिख रहे हैं।

■ मांग पूरी नहीं होने पर काम बंद, कलमबंद के तहत शुरू की हड़ताल



छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आहनान पर सरकार के बेरुखी एवं अडियल रवैया से परेशान कर्मचारियों ने इस बार आंदोलन को अनिश्चित कालीन करने का निर्णय लिया है। 15 अगस्त को सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे नाराज कर्मचारी आज से प्रदेशभर के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं काम बंद, कलमबंद हड़ताल करेंगे। इस बार संघ ने एसएनसीयू में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई सहित आपातकालीन सेवा भी बंद रहेंगा आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ द्वारा शासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई है।

इसी क्रम में सोमवा से बालोद जिला मुख्यालय बालोद वस स्टैंड में एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है।

जिसमें जिला अध्यक्ष खिलेश साहू, संरक्षक दिनेश खर्कवाल, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार यादव, महिला विंग डाटना नामदेव, सीएचओप्रकोष्ठ से दिव्या जगनायक, आरबीएसके से डॉ. इंद्र चंद्राकट, वीपीएम प्रकोष्ठ से योगेश साहू सहित एनएचएम की सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। हड़ताल की शुरुआत में दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। एनएचएम कर्मचारियों की मांग है कि संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ केडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्याकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लवित 27 प्रतिशत प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख कैसलेश चिकित्ग बीमा आदि मागे हैं।

एनएचएम कर्मचाटी विगत 20 वर्षों से प्रदेश के सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ वने हुए हैं। कोविड–19 महामाटी जैसे सकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद, आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है, जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त है। संघ के ▶▶| शेष पेज 11 पर

## ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधि भी आंदोलन में हुए शामिल, सरकार को जमकर कोसा

# बिजली गुल के विरोध में ग्रामीणों ने घेरा दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

लगातार बिजली गुल की समस्या से परेशान ग्रामीणों के सब्र टूटा और वे विभाग का घेराव करने पहुंच गए, जहां ग्रामीणों के साथ क्षेत्र के नेता भी समर्थन करते हुए ग्रामीणों की समस्या जल्द दूर करने की मांग करते दिखे।

विकासखंड गुण्डरदेही के विद्युत सब स्टेशन मोहदीपाठ में क्षेत्र क्रमांक 5 के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के सात गांव मोहंदीपाठ देवसरा, देवरी द, खुरसुल, गोड़ेला, बघेली, ग़बदी के सैकड़ों ग्रामीणजन लगातार बारिश के मौसम में आए दिन हो रहे बिजली गुल से परेशान होकर ग्रामीणों का आक्रोश विभाग पर फूटा।



ग्रामीणों ने कहा सुबह, दोपहर, शाम, रात कभी भी मनमर्जी से सबस्टेशन से बिजली बंद कर देते है, बारिश में भी घरों में पीने का भरना मुश्किल हो जाता है, बच्चों को स्कूल में उमस व गर्मी व अंधेरे में पढ़ना मजबूरी हो गई, शिकायत करने पर सुनने वाला भी नहीं होता है, किसानों को खेत में पानी सिंचाई व खेती किसानी में लाइट गुल से परेशानी होती है।

वहीं जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा गांव, गरीब, किसान के हितैषी होने का स्लोगन रटने वाली भाजपा सरकार खुद कुंमकरणीय नींद में सत्ता में मस्त है, छत्तीसगढ़ में खुद बिजली सरप्लस होने के बावजूद बिजली कटौती हो रही है, वहीं पूर्व की कांग्रेस सरकार की 400 यूनिट बिजली बिल से छूट कम कर 100 यूनिट कर दिया गया है, जो की गांव गरीब, किसानों व आमजन के जेबों पर भारी पड़ेगी, सभी वर्ग भाजपा सरकार के इस फैसले से नाराज है, खेती किसानी के समय बिजली आंख मिचौली कर रही है, लगातार बिजली कटौती, कृषि लाइन बाधित होना, लो वोल्टेज जैसे समस्या को लेकर आज ग्रामीणों का आक्रोश बिजली विभाग पर फूटा।

ग्रामीणों विभाग का घेराव के दौरान 10 दिन का अल्टीमेटम देकर सुधार करने को कहा गया है, ग्रामीणों ने कहा अगर सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों द्वारा मजबूरन चक्काजाम किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सदस्य ललिता भुअर्य, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव क्रांति भूषण साहू, सेक्टर प्रभारी संदीप चंद्राकर, पोषण देवांगन, उषा साहू एवं आसपास के ग्राम के सरपंच उपस्थित थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### पावरहाउस स्टेशन का हो रहा तेजी से पुनर्विकास

**भिलाई।** भिलाई नगर स्टेशन में जल्द ही यात्रियों को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन के पुनर्विकास का निर्माण कार्य तेजी से चल में है। स्टेशन के रिनोवेशन हो जाने से आधा दर्जन यात्रियों को पावरहाउस स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। भिलाई नगर स्टेशन का तेजी से कायाकल्प हो रहा है। 75 फीसदी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। पुनर्विकास के बाद यहां लंबी दूरी के एक्सप्रेस गाड़ियों के भी स्टापेज की मांग की गई है। दैनिक यात्री संघ ने दो लोकल गाड़ियां बढ़ाने और सभी लोकल के स्टापेज की भी मांग की है। स्टेशन में प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, प्रसाधन आदि के बाद सामने लंबा कारीडोर व आकर्षक गेट का भी निर्माण हो चुका है। वहीं महाराणा प्रताप चौक के पास स्वागत द्वारा बनाया जा रहा है। यात्रियों ने दोनों ओर स्टेशन तक पक्की सड़क बनाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इस स्टेशन से सेक्टर 7, 6,5, हुडको सहित आधे टाउनशिप व आसपास के लोग भी सफर करते हैं।

### तीज मिलन एवं सावन महोत्सव 22 को

**दुर्ग।** जिला साहू संघ दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीजा तिहार, सावन महोत्सव का आयोजन 22 अगस्त रविवार सुबह 11 बजे साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग में किया गया है। मुख्य अतिथि रमशीला साहू, अध्यक्षता चन्द्रिका साहू आदि मौजूद रहेंगे। तीजा तिहार सावन महोत्सव में अनेक कार्यक्रम एवं स्पर्धाएं कुर्सी दौड़, फुगड़ी, तीज ज्ञान आदि का आयोजन किया जाएगा।

### रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्र के पिछड़ा वर्ग अनूसूची में शामिल करने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** रावत उपनामधारी यादव जाति को केंद्रीय अनूसूची में पिछड़ा वर्ग अनूसूची केटेगरी में शामिल करने तथा पिछड़े वर्ग के आरक्षण लाभ के संबंध में सभी जिलों में प्रदेशव्यापी आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस कड़ी में जिला दुर्ग में समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव यादव के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मंगल यादव यादव, अश्विनी यादव,ज्योति रानी यादव, यशपाल यादव, प्रीतम यादव, शिवचरण यादव, शंकर यादव, विष्णु यादव, राधेश्याम यादव, चन्द्रकान्त यादव, शैलेन्द्र यादव, प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

### राउंड टेबल 243 ने 8 कक्षाओं के निर्माण का किया भूमिपूजन

**भिलाई।** दुर्ग में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 8 कक्षाओं के निर्माण के लिए भूमि पूजन सभी क्लब के सदस्यों के बीच किया गया। मौके में प्रिंसिपल, सभी अध्यापक, स्कूल के बच्चे, भिलाई राउंड टेबल के चेयरमैन ध्रुव रस्तोगी और सरपंच मौजूद थे। इन कक्षाओं के निर्माण से छात्रों को हो रही असुविधा से राहत मिलेगी और पढ़ने के लिए एक अनुकूल वातावरण भी बनेगा। इससे पहले भी भिलाई राउंड टेबल द्वारा बिरेभाठ, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन तथा ननकट्टी, ढौर, बोरी में स्कूली कक्षाओं का निर्माण कराया गया है। भिलाई राउंड टेबल पिछले 10 सालों से विभिन्न स्कूलों में कक्षाओ का निर्माण कर रहा है। अभी तक कुल 48 कक्षाओ का निर्माण दुर्ग-भिलाई की विभिन्न स्कूलों में कराया जा चुका है। इसके अलावा भिलाई राउंड टेबल द्वारा टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण भी विभिन्न स्कूलों में कराया जा चुका है। भिलाई राउंड टेबल स्कूली बच्चों से जुड़ी ज़रूरत की चीजो का भी योगदान करता आया है। खाना खाने के बर्तन, बच्चों के जूते और मफलर, स्कूल में वाटर फिल्टर विभिन्न कार्यों में भिलाई राउंड टेबल का योगदान रहा है। गौरतलब है कि भिलाई राउंड टेबल 243 में भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद तथा समाजसेवी जुड़े हुए है। भिलाई राउंड टेबल द्वारा अब तक विभिन्न स्कूलों में 2 करोड़ की लागत से 48 क्लासरूम का निर्माण किया जा चुका है।

# निगम की कार्रवाई : बकाया टैक्स पर 4 करदाताओं के काटे नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली को लेकर सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने राजस्व विभाग अमले की बैठक लेकर स्पष्ट कहा कि नगर निगम की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत टैक्स वसूली है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में वसूली का प्रतिशत शत-प्रतिशत होना चाहिए। आयुक्त के निर्देश के बाद निगम अमले ने विभिन्न वार्डों में बकायादारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के तहत बड़े बकाएदारों के नल कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

### चालू व बकाया टैक्स नहीं जमा करने पर काटे गए कनेक्शन

वार्ड क्रमांक 19 में शांति बाई / रामदुलार प्रसाद पर वर्ष 2018 से लेकर 2025-26 तक चालू एवं बकाया कर की राशि 51,837 बकाया था। राशि जमा न करने पर निगम ने उनका नल कनेक्शन काट दिया। इसी प्रकार वार्ड 22 में तीन बड़े बकायादारों पर कार्रवाई की गई। जिसमें मंगल सिंह / रमाई भगवान 2010 से 2025-26 तक बकाया 70,261, जगन्नाथ यादव / हनुमान यादव 2014 से 2025-26 तक बकाया 56,353, कन्हैया लाल / मानसिंह यादव – 2017 से 2025-26 तक बकाया 54,571 तीनों करदाताओं के नल कनेक्शन निगम की टीम ने काट दिए हैं।

### बड़े बकायादारों पर निगम की है कड़ी नजर, कर नहीं चुकाने वालों को चेतावनी

#### आयुक्त का सख्त संदेश

आयुक्त अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 60 तक जिन बड़े बकायादारों ने अब तक टैक्स नहीं चुकाया है, उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंनेकहा कि जो भी नागरिक अपने बकाया टैक्स को लेकर उदासीनता दिखाएंगे, उन्हें न केवल नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई झेलनी होगी बल्कि आगे की कानूनी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।



#### लगातार जारी रहेगी ऐसी कार्रवाई

आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राजस्व वसूली पर नियमित समीक्षा हो और कार्रवाई में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनता के हित में शहर के विकास कार्य और बुनियादी सुविधाओं के लिए निगम को वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता है, और इसके लिए करों की वसूली अत्यंत आवश्यक है।

### कबाड़ हो रही दुर्ग जिले में दौड़ने वाली सरकारी बसें, अधिकतर के पार्ट्स गायब

# ताले में सिटी बस... चार साल से सेवा ठप, बसों के बचे सिर्फ चेचिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी को पांच साल पूर्व मिली सिटी बस की सौगात पिछले चार साल से ताले में बंद कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। नगर निगम भिलाई मुख्यालय से लगे पुराने कार्यालय में खोले गए बस डिपो में अधिकतर बसों के मात्र चेसिस ही बचे हैं। इसका खामियाजा शासन के साथ लोगों का भी भुगतना पड़ रहा है।

जनता की सेवा और सुविधा के नाम पर सरकार की बेहतर योजना को कैसे पलीता लगाया जाता है और यह लापरवाही और बंदरबांट का माध्यम बन जाती ही है, मिसाल सिटी बस सेवा योजना है। शासन, प्रशासन की नीम बेहोशी के चलते स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भिलाई दुर्ग में 17 अगस्त 2017 को केंद्रीय मंत्री वैंकैया नायडू द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरु की गई सिटी बस संचालन सेवा मात्र एक साल में ही दम तोड़ गई। बसों के संचालन में लापरवाही और बदइंजामी के चलते बसों का संचालन फिसड्डी साबित हुआ और ठेका कंपनी बीच में ही भाग गई अधिकतर बसों के कीमती पार्ट्स और कलपुर्जे आदि चोरों की भेंट चढ़ गए । पिछले तीन साल से सिटी बस सेवा बंद है, जिसके कारण जरुरतमंद लोगों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### 2017 को केंद्रीय मंत्री वैकैया नायडू ने हरी झंडी दिखाकर शुरू की थी सिटी बस संचालन सेवा





#### डिपो में ताला, कबाड़ हो रहीं करोड़ों की बसें

भिलाई निगम के बाजू में पुराने निगम कार्यालय परिसर में सिटी बस डिपो में खड़ी बसें कबाड़ हो रही हैं। डिपो में दोनों ओर से ताला जड़कर प्रशासन ने अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। डिपो के अंदर खड़ी अनेक बसों के पहिए, टायर, सीटें, इंजिन आदि चोर पार कर चुके हैं। दुर्ग में भी कुछ बसें डैमेज हो चुकी हैं।

#### 72 बसें और 5 रुपए में भिलाई से दुर्ग का सफर

5 साल पूर्व ट्विनसिटी सहित जिले के ग्राम्य अंचल तक शुरु हुई सिटी बस सेवा के तहत 109 बसों के संचालन की घोषणा की गई थी। इसके तहत शुरु में करीबन 72 बसें दुर्ग से भिलाई सहित कुम्हारी, अहिवारा, पाटन, जामुल आदि जिले के ग्राम्य अंचल तक काफी कम किराए पर चलती थीं। भिलाई से दुर्ग का किराया मात्र 5 रुपए व कुम्हारी का मात्र 12 रुपए था। यह योजना स्टूडेंट्स, रिटायर बुजुर्गों,महिलाओं और अल्प आय वाले ग्रामीणों के लिए लाभदायी थी। सेवानिवृत्त कर्मियों ने बताया कि आटो में दुर्ग जाने व आने में 40 रुपए भाड़ा लगता है। रिटायर होने के बाद यह राशि भारी पड़ रही है। स्टूडेंट्स को भी दिक्कत हो ती है। सिटी बस फिर से जल्द शुरु की जानी चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा कुछ बसों के चरिए एक बार सिटी बस सेवा का संचालन दोबारा शुरु करने का प्रयास किया गया लेकिन यह नाकाम रहा। गौरतलब हो कि शासन व प्रशासन द्वारा दुर्ग भिलाई अर्बन ट्रांसपोर्ट कंपनी के नाम से बस सेवा का संचालन शुरु किया गया था। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक मानिटरिंग करने वाली ट्रांजिट कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर, सचिव नगर निगम भिलाई के कमिश्नर सहित दस अधिकारी शामिल थे। लेकिन इस जिम्मेदार समिति की आंखों में धूल झोंकते हुए सिटी बसों का संचालन करने वाली ठेका कंपनी का ठेकेदार करीबन सालभर में ही भाग गया और बस सेवा बंद हो गई। बताते हैं कि ठेकेदार और बसों के ड्रायवर आदि उसके लोग ज्यादातर बसों के टायर, इंजिन आदि भी निकाल ले गए । प्रशासन द्वारा ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर भी की गई लेकिन सिटी बस सेवा आज तक दोबारा शुरु नहीं की जा सकी।

## विधायक ने दी इंडियन नेवी में चयनित सविता को शुभकामनाएं



**दुर्ग।** इंडियन नेवी अग्निवीर के रूप में चयनित होकर सविता गाँव की प्रथम बेटी बनी हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसमड़ा निवासी कु. सविता साहू पिता मनोज कुमार साहू माता संगीता साहू उम्र 18 वर्ष इंडियन नेवी (अग्निवीर) में चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात प्रथम गांव आगमन पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने निवास स्थान पहुंचकर कर स्वागत, अभिनंदन किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कु. सविता साहू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी इस उपलब्धि से ग्राम रसमड़ा का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि कु. सविता साहू की इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर मनोज साहू, संगीता साहू, चुरावन साहू, कुम्हारी नगर परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा, जनपद सदस्य अशोक कुमार साहू टाकेश्वरी साहू, देव प्रसाद साहू, नंदू निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

## खेल युवाओं के लिए महत्वपूर्ण मंच : ललित



**दुर्ग।** ग्राम अंजोरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नवभारत क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल हमारे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच संतोष सारथी, भीखम साहू, देवव्रत तिवारी, जन्मेजय साहू, हेमंत देशमुख, मुकेश साहू, लेखराम साहू, नारायण साहू आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने लाल किले में दी प्रस्तुति, मिले सांसद से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लालकिला में छत्तीसगढ़

- लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा का दल

लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा, दुर्ग के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। यह दल संस्था के निर्देशक डॉ. लीलाधर दास के निर्देशन में 20 कलाकारों के साथ मंचित हुआ।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लालकिले पर ध्वजारोहण कर 21 तोपों की सलामी दी। साथ ही 2 हेलीकॉप्टरों से पुष्पवर्षा हुई। इस अद्भुत पल का आनंद छत्तीसगढ़ लोक धरोहर के कलाकारों ने भी हजारों देशवासियों के साथ लिया और छत्तीसगढ़ महतारी जय तथा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

संस्था के निर्देशक डॉ. लीलाधर दास ने बताया कि यह उनका दिल्ली में 14वां अवसर है, जब वे लालकिले पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कार्यक्रम से वापसी पर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर प्रभारी इंस्पेक्टर डॉ. तरूणा साहू ने कलाकारों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस सफल आयोजन पर छत्तीसगढ़ लोक धरोहर की टीम ने दिल्ली में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद विजय बघेल से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के हजारों कला-प्रेमियों,समाजसेवी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने संस्था के कलाकारों को बधाई दी।

## डेढ़ सौ बच्चों का योग्यता के आधार पर हुआ बेल्ट प्रमोट, मिली ग्रेडिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग द्वारा पदुम नगर भिलाई 3 स्कूल में बेल्ट ग्रेडिंग रखा गया। जिसमें जिले भर से लगभग 150 से भी अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों के योग्यता के आधार पर उनका बेल्ट प्रमोट हुआ। बेल्ट ग्रेडिंग के मुख्य एग्जामिनर छग राज्य ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी व जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव राकेश पुरी गोस्वामी और राज्य रेफरी अनिल कुमार देवांगन उपस्थित थे।

राकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि यलो बेल्ट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी युक्त दुबे, अन्य गोस्वामी, योजल देवगन, चित्रांश तिवारी, भाव भाव्य चंद्राकर, सुयश ठाकुर, भूमिका साहू, दीसिता साहू, जस्वी सिंन्हा, दुर्गेश मानिकपुरी, अव्यय श्रीवास्तव, ग्रीन बेल्ट में सिमरप्रीत कौर, जिज्ञासा ठाकुर, अभिजीत दुबे, शिविका साहू, वैभव साहू, दिव्यांश सिंन्हा, ओम्या जांघेल, दिव्यांश जांघेल, ग्रीन वन बेल्ट में रूपेश कुमार देवांगन, इशिका कुमारी मेहरा, ब्लू बेल्ट में आरव वर्मा, वाणी नेता, नताशा वर्मा, ए यशवंत शर्मा, ए यशस्विनी, रियांशी देवागन, ब्लू वन में शिवाय साहू, रूद्र परधनिया, ओजस्विनी परघनिया, पूरन कौर सोहल, प्रियंका महिपाल, लक्ष्य बिसेन, नव्या साहू, नायसा साहू, प्रखर पटेल, पीहू यादव, समृद्ध ताम्रकार, प्रत्यक्ष यदु, देसी देशमुख, सौम्या केवरिया रहे। रेड बेल्ट तन्मय साहू को मिला। रेड वन में वैष्णवी शर्मा, हर्षित शर्मा, मंजू, नम्रता मरावी, आयुष चौधरी को दिया गया।

## जिला पुलिस ने निकाली नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला दुर्ग पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो रैली पुलिस वेलफयेर पेट्रोल पंप से सेक्टर-6 भिलाई से जयंती स्टेडियम तक 2 किलोमीटर रैली आयोजित की गई। आयोजन आज की युवा पीढ़ी एवं नशे के आदि समाज को नशे से दूर रहने एवं नशे जैसी बुराई से छुटकारा पाने के लिए समाज को एक संदेश देने के उद्देश्य से किया गया था। जिससे समाज में नशे के विरूद्ध संदेश के रूप में जा सके। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक (लाईन) चन्द्र प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सदानंद विन्ध्यराज, रक्षित निरीक्षक रक्षित आरक्षी केन्द्र नीलकंठ वर्मा, निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट, यातायात एवं पीटीआई अशोक पटेल के साथ उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 20 बच्चे, हरभजन सिंह उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 50 बच्चे, बालकदास उनके ग्राउण्ड के प्रशिक्षणरत 30 बच्चे तथा सातवीं वाहिनी छसबल से 55 अधिकारी, कर्मचारी, आठवीं वाहिनी से 35 अधिकारी, कर्मचारी एवं बीसवीं वाहिनी की 27 महिला तथा जिला पुलिस बल रक्षित केन्द्र से अधिकारी, कर्मचारी दौड़ में शामिल हुए।

### नया पारा और गया नगर क्षेत्र का किया दौरा

# आयुक्त ने कचरा प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नया पारा और गया नगर क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड 2, 3, 4, 17 और 18 सहित आसपास के क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, नालियों और तालाबों की स्थिति का निरीक्षण किया।

- गलियों और नालियों की नियमित सफाई के आदेश

शहर की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं और कचरा प्रबंधन को और मजबूत करने के निर्देश दिए। कई जगह नालियों के किनारे घास उग आई है और गंदगी जमा हो रही है। आयुक्त ने तत्काल सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी गलियों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कहीं भी पानी रुका नहीं रहना चाहिए क्योंकि यह बीमारियों का कारण बन सकता है।



**तालाबों और अवैध निर्माण पर सख्ती :** आयुक्त श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा तालाब शहर की जलधरोहर हैं और इनके ऊपर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब पर बने सभी अवैध ढांचे तुरंत हटाए जाएं।

**ठेले और खोमचों को व्यवस्थित करने के निर्देश :** निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़कों पर लगे ठेले और खोमचे पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि इन्हें इस तरह लगाया जाए कि यातायात में बाधा न हो। आमजन को आने-जाने में कोई परेशानी न हो, यह निगम की जिम्मेदारी है।

**सफाई ही होगी निगम की प्राथमिकता :** आयुक्त ने कहा कि नागरिकों की सुविधा और स्वच्छ वातावरण निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने, कचरा उठाव समय पर करने और स्वास्थ्य विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

**जीरो वेस्ट सेंटर का निरीक्षण :** वार्ड 17 और 18 में स्थित जीरो वेस्ट सेंटर का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गीले और सूखे कचरे का पृथक संग्रहण सख्ती से लागू हो। सभी व्यापारी और दुकानदार अपने प्रतिष्ठान पर दो अलग-अलग डस्टबिन रखें।

## राधा-कृष्ण के रूप में सजे नन्हें बच्चों ने किया आकर्षित, लगाया 56 भोग

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा परमेश्वरी मंदिर प्रांगण परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में जन्माष्टमी महोत्सव पर श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकालकर कर मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया। आकर्षक सजे झूले में भगवान कृष्ण के विग्रह स्थापित कर सामूहिक पूजा की गई और भक्तों द्वारा अपने घरों से लाए हुए 56 पकवानों का भोग लगाया गया। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने बारी बारी से श्रीकृष्ण को झूला झुलाकर कृष्ण जन्मोंत्सव की खुशियां मनाई।



समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा दिया गया प्रेम, ज्ञान, भक्ति और कर्तव्य का संदेश मानवमात्र के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के नन्हे बच्चें कृष्ण और राधा रानी बनकर पहुंचे थे जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान उनकी आरती उतार कर पूजा की और समिति द्वारा उन्हें उपहार देकर प्रोत्साहित किया। समिति के सांस्कृतिक विभाग के द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित भक्ति संगीत से पूरा परिसर कृष्ण भक्ति से झूम उठा। पूजा और आरती के बाद सभी भक्तों को 56 भोग प्रसाद का वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, टेसूराम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, राजू देवांगन, रामगोपाल देवांगन, जयश्री देवांगन, महेश्वरी देवांगन, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, मंगतूराम देवांगन, पं. शिवनारायण मिश्रा, केजा देवांगन, विनीता देवांगन, दामिनी देवांगन, अदिति देवांगन आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दही हांडी लूट का आयोजन आज

**डोंगरगांव।** मस्ती की पाठशाला और नगरवासियों के तत्वावधान में कल 20 अगस्त को दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किसान राईम मिल परिसर में किया गया है। शहीद तुकांत यादव की स्मृति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दही हांडी लूटने वाली टोली को पुरस्कार के रूप में 51 हजार रूपए दिया जाएगा। आयोजकों ने नगर और अंचलवासियों से इस भव्य आयोजन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**डोंगरगांव।** प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा. निरेन्द्र साहू का निर्वाचन के बाद कल 20 अगस्त को पहली बार नगर आगमन होगा। साहू समाज सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके आत्मीय स्वागत की तैयारी की गई है। उल्लेखनीय है कि वेटनरी चिकित्सक रहे डां साहू लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों एवं भाजपा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गत 13 अगस्त को राजधानी रायपुर में संपन्न हुए प्रदेश साहू संघ के चुनाव में डां साहू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। यहां यह बताना जरूरी है श्री साहू ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत घोरदा के मूल निवासी है। वर्तमान में वह शहर में निवासरत हैं। जानकारी के अनुसार श्री साहू के प्रवास के दौरान जंगलपुर, रामपुर, घोरदा, अर्जुनी, सुखरी, अमलीडीह, आरी, बगदई में सामाजिक जनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। स्थानीय रेस्ट हाऊस में भी स्वागत कार्यक्रम रखा गया है।

### मंच और शौचालय निर्माण स्वीकृत

**बागरेकसा।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने गत दिनों हाईस्कूल रामपुर, पूर्व माध्यमिक शाला चिचोला, पूर्व माध्यमिक शाला मोहनपुर, उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा पहुंचकर स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लिया। श्रीमती मंडावी ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने कुछ मांग रखी। ग्रामीणों की मांग पर श्रीमती मंडावी ने मंच, शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी।

### चाकू दिखाकर डराने वाले दो गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस ने 2 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा- 25, आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस ने बताया कि गत 18 अगस्त 5 को लोधी भवन बोलतलाव रोड़ के पास आरोपी कमलेश सोनवानी पिता मुन्नु सोनवानी निवासी रामनगर वार्ड 21 धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहा था। आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया।

## निधन

### घनेश्वर चंद्राकर



**लाटाबोड़।** ग्राम चौरेल निवासी 48 वर्षीय घनेश्वर घना चंद्राकर का 19 अगस्त को निधन हो गया। इनकी अंत्योष्ठी में सामाजिक बंधु सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। वे राधेश्याम चंद्राकर के पुत्र थे।

**मांग**

झलमला से कलेक्टोरेट तक रैली निकालकर विरोध जताया

# मितानिन संघ दो सूत्रीय मांग पर अड़ा, किया जोरदार प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपनी दो सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर जिले की मितानिनों ने तेज बारिश के बीच छाता लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए झलमला से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

मितानिन संघ द्वारा पूर्व में विभिन्न माध्यमों से अपनी मांगों लेकर सरकार व अधिकारी कर्मचारी के समक्ष बाते रख चुकी है, लेकिन मांगें पूरी न होते देख मितानिन संघ द्वारा अब धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करते दिख रहे हैं। इसके तहत मंगलवार को मितानिन संघ के मितानिनें, बीसी और एमटी हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर द्वारा मूसलाधार बारिश के बीच छाता व रेनकोट पहनकर अपनी मांगों को लेकर नारे लगाते हुए झलमला से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं, जिससे पूरा मार्ग बारिश के कारण छाता से पट गया था और मितानिनें बारिश के बीच अपनी आवाज बुलंद करती नजर आ रही थीं।

इससे पहले संघ द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रदेश स्तरीय सांकेतिक धरना तूता, नया रायपुर से प्रारंभ की थी, जो अब जिलेवार अनिश्चितकालीन हड़ताल में तब्दील हो चुका है। जहां जिले के मितानिनें, बीसी और एमटी हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर झलमला बस स्टैंड से मानव श्रृंखला बनाकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री के नाम अपना ज्ञापन सीधे कलेक्टर को ही सौंपने की जिद पर अड़ी रहीं। इस दौरान जिला प्रशासन के कई अधिकारी आंदोलनकारी महिलाओं से बात करने पहुंचे और ज्ञापन लेने की कोशिश की, लेकिन मितानिनो ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे किसी अधिकारी को जापन नहीं सौंपेंगी। तीन घंटे तक महिलाएं कलेक्ट्रेट गेट के सामने डटी रहीं और सिर्फ कलेक्टर से मिलने की मांग दोहराती रहीं। लगातार तेज बारिश के बावजूद महिलाएं टस से मस नहीं हुई। भीगते हुए भी वे अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करती रहीं और सरकार पर चुनावी वादे तोड़ने का आरोप लगाती रहीं। आखिरकार जिला प्रशासन के समझाने के बाद मितानिन संघ की दर्जनभर से अधिक महिला प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

आंदोलनरत मितानिनों ने अपनी दो प्रमुख मांगें रखीं। जिसमे मितानिनों को एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) में शामिल किया जाए। मानदेयु में 50 प्रतिशत की वृद्धि और ठेका प्रथा समाप्त की जाए।

# जिले में अब तक 1.80 लाख हेक्टेयर में बोनी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले में अब तक 776 मिमी वर्षा हुई है। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2025 में क्षेत्रच्छादन का 1,80,215 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित है। जिसके विरूद्ध अब तक 1,80,240 हेक्टेयर में बोनी की जा चुकी है।

इसमें धान बोता 1,49,477 हेक्टेयर, रोपा 28,210 हेक्टेयर कुल धान 1,77,687 हेक्टेयर है। मक्का 170 हेक्टेयर, कोदो 580 हेक्टेयर, अरहर 243 हेक्टेयर, उड़द 299 हेक्टेयर, मूंग 52 हेक्टेयर, कुल्थी 20 हेक्टेयर, तिल 56 हेक्टेयर तथा सब्जी 1,133 हेक्टेयर सहित कुल 1,80,240 हेक्टेयर में बोनी पूर्ण हो चुकी है, जो लक्ष्य से शत प्रतिशत है। जुलाई एवं अगस्त माह में अच्छी बारिश होने से खरीफ फसलों की स्थिति सामान्य पाई गई है।

उन्होंने बताया कि खरीफ मौसम में किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। जिले के सहकारी समितियों में यूरिया 23,945 मेट्रिक टन, डीएपी 6,951 मेट्रिक टन, एमओपी 4,701 मेट्रिक टन, एसएसपी 12,594 मेट्रिक टन एवं एनपीके 12,838 मेट्रिक टन कुल 61,028 मेट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण कराया जाकर अद्यतन 57,653 मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है, जो भण्डारण के विरुद्ध वितरण 94 प्रतिशत है। कृषकों द्वारा डीएपी की मांग को ध्यान में रखते हुए डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एसएसपी, एनपीके (12:32:16, 20:20:0:13, 28:28:0, 16:16:16 एवं अन्य) के माध्यम से पूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीज एवं उर्वरक के नमूने अधिसूचित परीक्षण प्रयोगशाला को परीक्षण हेतु प्रेषित किया जा रहा है। परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर नियमानुसार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

- जिले के सहकारी समितियों में यूरिया 23,945 और डीएपी 6,951 मेट्रिक टन खाद पहुंचा

## 40 दिवसीय गायत्री मंत्र साधना पूर्ण...



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित परम वंदनीया माताजी के जन्म व अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष 2026 पर विकासखंड के साधकों द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व 10 जुलाई से 18 अगस्त तक 40 दिवसीय गायत्री मंत्र साधना पूर्ण की गई। 19 अगस्त को गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में दो कुंडीय गायत्री महायज्ञ कर पूर्णाहुति की और गुरुदेव द्वारा लिखित 18 सत्संकल्प पाठ कर आगामी वर्ष तक विकास खंड के प्रत्येक गांव के जन मानस में गुरुदेव के विचार क्रांति अभियान को विभिन्न आंदोलनों व साहित्य के माध्यम से जनमानस में ले जाने का संकल्प लिया गया।

# मनरेगा मेट संघ ने मनाया 15वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा







ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा द्वारा संघ का 15 वां स्थापना दिवस ग्राम पंचायत रीवागहन में मनाया गया। मुख्य अतिथि दुर्गा ठाकुर जनपद सदस्य, अध्यक्षता विष्णु कोठारी अध्यक्ष ब्लाक मनरेगा में संघ डौंडीलोहारा, विशेष अतिथि पुनिया ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य रहीं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित विक्रम साहू संरक्षक, तीरथ साहू उपाध्यक्ष जिला मेंट संघ बालोद, प्रीतम साहू सचिव जिला मेंट संघ बालोद, राहुल राणा रोजगार सहायक, रीवागहन, कीर्तन देवांगन प्रदेश संचालक मनरेगा मेट संघ छग, नकुल चंद्राकर जोन अध्यक्ष भीमकन्हार, पुरंजन साहू अध्यक्ष जोन भंवरमरा आदि की उपस्थिति रही। इस अवसर पर दिव्यांग मेट साथी मुकेश धनकर सिंगारपुर, प्रकाश ठाकुर पुनारकसा एवं महिला मेट लोकेश्वरी देशलहरे को प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। नया एवं पुराना मेंट को संघ से जुड़ कर कार्य करने पर मिटिंग और प्रशिक्षण साथ साथ होने की तथा शासन के नये नीति की भी जानकारी होती है। अतिथियों ने ऐसे कार्यों की सराहना करते हुए संघ से जुड़ना और मीटिंग को अधिक महत्व दिया। संघ की ओर से सभी अतिथियों को श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन भूषण बांसुरिया द्वारा किया गया।

समापन भाषण ओंकार साहू द्वारा दिया गया। स्थापना दिवस समारोह में संघ के मेंट साथियों ने अपना अमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन कीर्तन देवांगन ने किया। आगामी बैठक वनांचल क्षेत्र के ग्राम कोडेक़सा में 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। गांधी जयंती ब्लाक स्तरीय ग्राम चेद्रीबन नवागांव में होना प्रस्तावित हैं, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

## समता एक्सप्रेस में महिला के 9 लाख से ज्यादा के जेवरात पर हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

समता एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली से रायपुर आ रही एक महिला का पर्स नागपुर-गोंदिया के बीच पार हो गया। बैग में 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरत थे। घटना की जानकारी जब ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन के समीप पहुंचने पर जानकारी हुई। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर के शंकर नगर रायपुर निवासी अनामिका वर्मा 16 अगस्त को ट्रेन संख्या 12808 समता एक्सप्रेस निजामुद्दीन से रायपुर तक यात्रा कर रही थी। महिला का कोच नंबर एस-3 में बर्थ नंबर 21 था। ट्रेन नागपुर स्टेशन पर रुकी थी। तब महिला ने अपना ब्राउन रंग का लेडीज बैग को सिर के नीचे रखकर सो गईं। महिला को ट्रेन के चलने का भी ध्यान नहीं रहा। जब ट्रेन दुर्ग स्टेशन से करीब 10-15 मिनट पहले थी। तभी सामने बैठे यात्री के बच्चों की आवाज से महिला की नींद खुली। नींद से जागते ही महिला ने पर्स गायब मिला। ट्रेन में आसपास बैठे यात्रियों से पूछताछ किया मगर कुछ हासिल नहीं हुआ। यात्रियों के मुताबिक वे डोंगरगढ़ से जाग रहे थे। तब से किसी को उनके बैग के पास जाते नहीं देखा गया। संदेह है कि बैग नागपुर से गोंदिया के बीच ही चोरी हुआ है। महिला के बैग में 75.180 ग्राम सोने के जेवरात 45.345 ग्राम का कड़ा और 10 ग्राम का मंगलसूत्र था। इन जेवरातों की कीमत करीब 9 लाख रुपए आंकी गई है।

### ट्रेनों में यात्री नहीं है सुरक्षित

ट्रेन में सफर के दौरान लगातार उठाईगिरी की वारदात हो रही है। जिसे रोकने में रेलवे पुलिस पूरी तरह फेल साबित हो रही है। दो-तीन माह पूर्व भी ट्रेन में हीरा से भरा बैग पार हुआ था। जिसे लेकर रेलवे पुलिस जूझती रही, कई दिनों के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची थी।अब फिर दोबारा ट्रेन से उठाईगिरी सुरक्षा पर सवाल खडा हो रहा है।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण



**डौडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया। इसी तारतम्य में ग्राम सिरपुर के मुक्तिधाम में शिक्षक मोहित भौसार्य के मार्गदर्शन में 8 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें पीपल, नीम,बरगद,आम व बेल प्रमुख रूप से रहा। इस अवसर पर पीलू राम साहू,चुडामणि साहू, कान्हा साहू,व बाल संस्कार शाला के बच्चों ने सहयोग किया।

## पेज 9 के शेष

### दो दिनों की बारिश ...

की बात यह रही कि अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। लोगों का कहना है कि बरसात का यह दौर यदि इसी तरह जारी रहा तो आने वाले दिनों में और भी बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नदी-नालों का उफान और खेत-खलिहानों में जमा पानी इस बात का संकेत है कि मानसून अब अपने पूरे शबाब पर है।

### एनएचएम कमर्चारी ...

प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि मौजूदा सरकार के कई वरिष्ठ नेता जैसे– विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी व वन मंत्री केदार कश्यप सहित बड़े नेताओ ने पूर्व में एनएचएम कर्मचारियों के मंचों पर आकर समर्थन देते रहे हैं। यहां तक कि मोदी की गारंटी में नियमितीकरण का वादा भी किया गया था। बावजूद इसके, पिछले 20 माह में 160 से अधिक बार ज्ञापन व आवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं निकल पाया। अब कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य हैं। सरकार से आग्रह है कि वह तत्काल संवाद स्थापित करे, जायज़ मांगों पर निर्णय ले, अन्यथा छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बेपटरी हो सकती हैं।

## प्रगति स्कूल में किया गया ध्वजारोहण



**डौंडीलोहारा।** प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्था अध्यक्ष हस्तीमल सांखला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पालक समिति अध्यक्ष मुकेश देशमुख, नरेन्द्र लुंकड़, हर्षित लोढा सहित प्राचार्य राजकुमार देवांगन, संचालक ललित सिंह गौर, प्रधानाचार्य सुश्री कीर्तिबाला टांक सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। बारिश के कारण मुख्य कार्यक्रम स्टेडियम में स्थगित होने के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पार्षदगण शिवानी भंसाली, रेवती कोलियारे, विशिष्ट अतिथि में नरेन्द्र लुंकड, श्री पुरानिक सोनवानी सहित अन्य पालकगण उपस्थित रहे, बच्चों ने शानदार योग प्रदर्शन एवं आपरेशन सिंदूर पर बेहतरीन नाट्य प्रदर्शन किया।



**अधिकारी-कर्मचारियों के आवास के साथ कार्यालय में भी लगा ताला**


# पशु चिकित्सालय खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



क्षेत्र का शासकीय पशु चिकित्सालय बदहाली का शिकार होकर अब पूरी तरह बंद हो चुका है। पशु चिकित्सालय के जर्जर हालत के चलते अस्पताल भवन पर ताला जड़ दिया गया है और अधिकारी-कर्मचारियों ने आवास व कार्यालय का उपयोग बंद कर दिया है।

स्थिति ऐसी है कि वह कभी भी ढह सकता है इससे ग्रामीणों और पशुपालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। करीब तीन दशक पूर्व निर्मित यह भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। दीवारों में दरारें, टूटी छत और जगह-जगह से टपकता पानी इसे असुरक्षित बना चुका है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। यही वजह है कि पशु चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ ने मजबूरी में भवन का उपयोग पूरी तरह से बंद कर दिया। जैसे तैसे एक आवास को रिपेयरिंग कर काम चलाया जा रहा है। मात्र अस्पताल ही नहीं, कर्मचारियों और अधिकारियों के आवास भी जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। छत गिरने का खतरा इतना बढ़ गया है कि अब वे यहां रहना सुरक्षित नहीं मानते। अस्पताल बंद होने के बाद अब कर्मचारियों के पास काम करने के लिए उचित ऑफिस स्पेस तक उपलब्ध नहीं है, जिससे वे प्रशासनिक कार्य भी सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि भवन की मरम्मत और नई बिल्डिंग निर्माण के लिए कई बार आवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में काम करना असंभव है और कर्मचारियों तथा ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा दांव पर लगी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे क्षेत्र में यह एकमात्र शासकीय पशु चिकित्सालय है। इसके बंद हो जाने से उन्हें इलाज के लिए दूरस्थ क्षेत्रों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि बदलती सरकारों ने इस समस्या को कभी गंभीरता से नहीं लिया। विदित हो कि यह भवन पीडब्ल्यूडी विभाग से बनाया गया था।



## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों में प्रतिभा निखारने स्पर्धा जरूरी

**बालोद/कलंगपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम कलंगपुर एवं मुंदेरा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए एवं विजयी टीमों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा दिखाने और कौशल निखारने के लिए यह प्रतियोगिता अत्यंत बहुपयोगी है। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए एक यादगार अनुभव रही होगी और उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। यह आयोजन जोगीमठ बाबा कबड्डी क्लब कलंगपुर तथा सभी ग्रामवासियों के सहयोग के संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, जनपद सदस्य वंदना हिरवानी, उपसरपंच भुनेश्वरी साहू, मनीष जैन, नारायण चंदन सहित आयोजन समिति व आस पास के ग्रामीण एवं खेलप्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### प्राथमिक शाला में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



**बालोद/कलंगपुर।** प्राथमिक शाला भरदाखुर्द में प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में समुदाय व शिक्षकों के सहयोग से बच्चों में शिक्षा को अधिक आकर्षक, इंटरेक्टिव व प्रभावी बनाने, जटिल अवधारणाओं को सरल रूप में समझने तथा विषयवस्तु को बेहतर ढंग से सीखने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक गुंडरदेही किशोर कुमार साहू द्वारा किया गया। इसके पहले भी समुदाय व शिक्षकों द्वारा शाला को आकर्षक बनाने के लिए प्रिंटरीच निर्माण, बच्चों को कीचड़ से राहत देने के लिए शाला प्रांगण में फर्शीकरण, मां शारदे की स्थापना भी की जा चुकी है। शाला व बच्चों के समग्र विकास हेतु यहां के ग्रामीणजन हमेशा तत्पर रहते हैं। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना व प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह में ग्राम सरपंच रंजना पवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रभान मेश्राम, शिक्षाविद पवन कुमार सिन्हा, प्रवीण लोनहारे, राजकुमार साहू, जितेन्द्र साहू, विकास कोसरे, लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्णिमा देशमुख, पुष्पेन्द्र देशमुख, महेन्द्र चंद्राकर, पूनम खोब्रागढ़े उपस्थित थे।

### प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक 17 अगस्त को दुधाधारी मठ सत्संग भवन रायपुर में आयोजित हुआ। बैठक में राजनांदगांव से प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी, जिला संरक्षक महेंद्र वैष्णव, जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला महासचिव संदीप वैष्णव, जिला संयोजक विश्वास वैष्णव शामिल हुए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**पर्व :** छात्रों ने तिरंगा के साथ निकाली झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

# सशिमं में स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी मनी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी एक साथ मनाई गई। इस दौरान बच्चों ने कई सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी, वहीं नन्हें बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में नृत्य करते हुए दही लूट भी किया। मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया था। बच्चों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी सहित अन्य महापुरुषों की वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। तेज बारिश के बावजूद बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ, वहीं पालकों और ग्रामीणों ने भी दोपहर तक पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया

आयोजन के दौरान पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य, गीत, कविता, भाषण, फौजी गीतों की बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। भगवान कृष्ण और राधा के साथ बाल सखा की वेशभूषा में बच्चों ने जमकर नृत्य किया और दही लूट का कार्यक्रम हुआ। इस तरह एक साथ स्वतंत्रता दिवस का जश्न और दही लूट दोनों का आयोजन शाला परिवार द्वारा किया गया। आयोजन में प्रधानाचार्य ताराचंद साहू, शिक्षक रेख लाल देशमुख, खेमिन साहू, धनंजय साहू, रीना देशलहरे, माधुरी यादव, लक्ष्मी साहू, चैन कुमारी नेताम, किरण यादव, त्रिवेणी दुबे, भावना सुनहरे, हरीश साहू, नूमेश्वरी विश्वकर्मा आदि का योगदान रहा।

## हायर सेकंडरी के छात्रों ने निकाली तिरंगा साइकिल रैली



बालोद। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन के नेतृत्व में तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन व देशप्रेम की भावना को बढ़ाना था। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सभी को अपने अपने घरों में तिरंगा लगा कर देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में व्याख्याता टीएल देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे ने हेलमेट पहन कर सभी को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। प्राचार्य ने हरी झंडी दिखा कर रैली को विदा किया जो कि भारत माता की जय, वंदेमातरम और जय हिंद के नारे के साथ ग्राम के प्रमुख चौराहों से होते हुए पंचायत भवन और पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। व्याख्याता अजय पाठक, रीना बोरकर, हेपशिबा एंथोनी, पवन सिन्हा ने रैली का नेतृत्व किया, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित थे।



### स्वतंत्रता दिवस में शामिल हुए योग आयोग अध्यक्ष नारायण सिन्हा

**गुण्डरदेही।** हायर सेकंडरी स्कूल भरदा कला में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष नारायण सिन्हा, योगाचार्य केशव राम साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल शामिल हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए योग आयोग अध्यक्ष ने कहा कि विदेशी लुटेरों ने भारत को सोने की चिड़िया की संज्ञा दी, जिनकी नियत समृद्ध भारत के खजाने को लूटना था, यह भारत माता के लिए अपमानजनक संबोधन है। पूज्यनीय भारत माता तो हमेशा सोलह सिंगार से सुसज्जित है, जिसके लिए हर भारतवासी प्राण न्योछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं। पूरे विश्व में केवल भारत ही माता है अन्य देशों में ऐसा नहीं है। योगाचार्य केशवराम साहू ने योग से होने वाले फायदे के बारे में बताया, देवेन्द्र जायसवाल ने आजादी दिलाने वाले शहीदों के सम्मान की बात कही। मंच में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष हरीश कुमार साहू, सरपंच क्रांति भूषण साहू, जनपद सदस्य तूकेश्वरी साहू, विधायक प्रतिनिधि नागेश देवांगन, ब्रजेश सोनी समस्त शिक्षक गण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

### कॉलेज में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा स्थित शैलदेवी महाविद्यालय परिसर में कॉलेज द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ प्रभु श्रीकृष्ण की आरती एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। विधायक ललित चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे एक पेड़ मां के नाम के संकल्प के साथ पौधारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की भक्ति एवं उत्साह ने पूरे वातावरण को दिव्य और मंगलमय बना दिया। चंद्राकर ने कहा महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन न केवल छात्रों के लिए, बल्कि संपूर्ण समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है और वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य अजीत चंद्राकर, जनपद सदस्य बेला यादव, महामंत्री डिलेश्वर साहू, सोसायटी अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलक चंद्राकर, जीतू सिन्हा, राकेश चंद्राकर, महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे, संयुक्त संचालक डॉ. रजनी राय, प्राचार्य डॉ. के. एन. मिश्रा, उप प्राचार्य डॉ. रश्मि पांडे जी सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# जनदर्शन में हितग्राहियों को मिली ट्रायसाइकिल

## डिप्टी कलेक्टर जिलेभर से पहुंचे ग्रामीणों और आमजनों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम धनगांव से पहुंचे दिव्यांग मुन्ना लाल एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सिंगारपुर के दिव्यांग मुकेश कुमार को बैटरी चलित ट्राय सायकिल प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि जनदर्शन में अपनी शारीरिक परेशानियों को देखते हुए दिव्यांग मुन्ना लाल और मुकेश कुमार ने ट्राय सायकिल प्रदान करने की मांग की। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने निर्देशानुसार उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें





तत्काल ट्राय सायकिल प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों ही लोगों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिव्यांग मुन्ना लाल और मुकेश कुमार को बैटरी चलित ट्राय सायकिल प्रदान की गई। जिला प्रशासन के त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप मुन्ना लाल और मुकेश कुमार बहुत प्रसन्नचित आ रहे थे। उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित होने वाली कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए अपने जैसे अनेक लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। जनदर्शन में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सरेखा निवासी डोमल लाल ने सहायता राशि दिलाने तथा शाला प्रबंधन समिति मुल्लेगुड़ा एवं कुथरेल के ग्रामीणों ने स्कूल में रिक्त पदों पर शिक्षकों की पूर्ति करने आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह ग्राम आतरगांव निवासी रसित राम साहू एवं चंपालाल ने आधार कार्ड में सुधार कराने, ग्राम धनगांव के ग्रामीणों ने गांव के बांध के गेट का मरम्मत कराने की मांग की। जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुंचे थे।

# कन्या कॉलेज में हुई कबाड़ से जुगाड़ तथा कौशल विकास पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन धमतरी, जिला धमतरी के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का विषय कबाड़ से जुगाड़ तथा कौशल विकास संबंधी रोजगार एवं स्वरोजगार था।

कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कलेन्द्री रावटे के स्वागत भाषण से हुआ। तत्पश्चात मुख्य वक्ता जिला प्रभारी खेमन सिन्हा ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के महत्व तथा स्वावलम्बी बनने के महत्व को बताया। ब्लॉक प्रभारी रंधीर साहू एवं यशपाल निषाद ने छात्राओं को कबाड़ से जुगाड़ विषय के अंतर्गत रचनात्मक कार्यकलापों के माध्यम से बताया गया कि कैसे अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री तैयार की जा सकती है।

द्वितीय दिवस कौशल विकास संबंधी रोजगार एवं स्वरोजगार पर व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसमें





विभिन्न स्वरोजगार अवसर लघु उद्योग एवं स्टार्टअप संभावनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला के समापन में प्रभारी प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार की गतिविधि को छात्राओं के समग्र विकास हेतु आवश्यक बताया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रो. धीवराज कुमार भोयर ने दी।

## सड़क सुरक्षा पर स्कूल में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा की थीम पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी एल के ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से तहसीलदार हिंसाराम नायक, नायब तहसीलदार घनेंद्र कश्यप, पंजीयक आकाश देवांगन उपस्थित थे।

तहसीलदार ने बच्चों से पूछा कि क्या केवल नियम बनाने से लोगों की जान माल की सुरक्षा हो सकती है या इसके लिए भी हमें व्यक्तिगत रूप से जागरूक रहकर प्रयास करना चाहिए और यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर चलने की बात गई। वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी अपनी बातों तर्कों, तथ्यों और कानूनी धाराओं के साथ निर्णायकों के समक्ष रखे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पक्ष में श्वेता बंजारे प्रथम, आयुषी श्रीवास्तव द्वितीय, वेणीका साहू तृतीय तथा विपक्ष में भावना बंबोडे प्रथम, गीतांजलि निषाद द्वितीय, डीलेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। भविष्य में ये बच्चे विकासखंड में प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में व्याख्याता प्रदीप मेश्राम और एनुका शार्वा थे। उन्होंने प्रतियोगिता के विषयवस्तु और नियमों की जानकारी सभी को बताया। कार्यक्रम के प्रभारी सहायक शिक्षक हेमंत साहू और कपिल पटेल थे। कार्यक्रम में व्याख्याता डी आर साहू, आर एस देशमुख, एस वैदे, डुप्ले साहू, अविनाश साहू, लवण साहू उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
Departure EX-Kathmandu (13 दिन)
EX-नेपाल गंज हेलिकॉप्टर
(9 दिन) 2,60000/-
कैलाश मानसरोवर यात्रा
8 मई से 20 मई 2026, (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णव देवी यात्रा
माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल
यात्रा दिनांक
11 सितंबर 2025
05 नवंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)